तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

13 मोदी की गारंटी पर उठे सवाल, 38 साल से संघर्षरत ...



14 सुशासन तिहार 2026 के तहत 1 मई से 10 जून तक ...





### खबर संक्षेप

#### पेंशनर्स महासंघ की नई कार्यकारिणी का ऐलान





**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ की कार्यकारिणी की घोषणा बुधवार को प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने की। नई कार्यकारिणी में बस्तर संभाग को महत्व दिया गया है। वरिष्ठ पेंशनर अब्दुल सत्तार खान को प्रदेश उपाध्यक्ष वहीं शिव कुमार मिश्रा को प्रांतीय मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही बीजापुर से बाबूलाल नरवरिया एवं दंतेवाड़ा से रेणु राव को प्रचार-प्रसार मंत्री बनाया गया है। सुकमा जिले की राम कुमारी नेताम को प्रदेश कार्यसमिति में शामिल कर क्षेत्रीय संतुलन को साधा गया है। यह जानकारी संभागीय अध्यक्ष रामनारायण ताटी ने दी।

#### युवा कांग्रेस ने कलेक्टर डीईओ को सौंपा मांगपत्र



**जगदलपुर।** जिले में बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए युवा कांग्रेस ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को मांगपत्र सौंपकर छात्रों को राहत देने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि कम उम्र के छात्र-छात्राओं को तपती गर्मी में विद्यालय आने-जाने और पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान जनपद सदस्य हेमराज बघेल, सचिव रुपेश ध्रुव, मंगल कश्यप, महासचिव जगमोहन चंदेल, रामचंद्र सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### भाजपा सरकार शुरू से रही आरक्षण विरोधी : लता

**जगदलपुर।** बस्तर जिला महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में सरकार पर तंज कसते कहा कि शुरू से ही महिला आरक्षण विरोधी रही है। जबकि कांग्रेस ने महिला आरक्षण के पक्ष पर हमेशा समर्थन दिया है। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत सरकार झूठा श्रेय ले रही है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी हमेशा से प्रयत्नशील रहे कि महिलाओं को उनका पूरा अधिकार मिले। कांग्रेस की यूपीए सरकार ने इस हेतु ठोस प्रयास भी किया था। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह संविधान संशोधन विधेयक लाए। यह विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा ▸▸ शेष पेज 12 पर



# व्यापारियों की समस्या दूर करने भोपालपटनम पहुंचे जीएसटी डिप्टी कमिश्नर

## बस्तर चेंबर की पहल पर सुदूर क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याएं निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपालपटनम

नगर में जीएसटी से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर डिप्टी कमिश्नर मंगेश कारेकर ने व्यापारियों के साथ बैठक की। व्यापारियों को जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। गौरतलब है कि पूर्व में बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी के भोपालपटनम दौरे के दौरान व्यापारियों ने जीएसटी संबंधी कई समस्याएं रखी थीं। इस पर पहल करते हुए विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में यह बैठक आयोजित की गई। जिसमें व्यापारियों की दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा की गई।



#### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान जीएसटी विभाग जगदलपुर के अधिकारी राजेश मधुकर, बीआर कोर्राम और मिथलेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में भोपालपटनम व्यापारी संघ के अध्यक्ष जी. प्रेम कुमार, मोहम्मद इरशाद खान, मुरली चांडक, तेज नारायण सिंह, जी. मुरली, मोहम्मद इमरान पी. श्रीनिवास , पी. वेंकटेश, अनिल जन्नम, इमडी मनोज, जन्नम शंकर, प्रवीण गुज्जा, नंदू पंडियाल सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने बताया कि उन्हें जीएसटी रिटर्न भरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही अकाउंटेंट की कमी और नियमों की जानकारी के अभाव के कारण परेशानियां बढ़ रही हैं।

इस पर डिप्टी कमिश्नर ने आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अपंजीकृत व्यापारियों से शीघ्र जीएसटी पंजीयन कराने तथा नियमित रूप से रिटर्न दाखिल करने की अपील की ताकि शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही तेलंगाना और महाराष्ट्र से बिना जीएसटी के आने वाली सामग्री के विषय में भी व्यापारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया।

## संवाद : नक्सलमुक्त क्षेत्रों में विकास कार्य को गति देने हरसंभव प्रयास कर रहा प्रशासन : छिकारा

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जिले के सुदूर गांव पावेल में लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा विकासखंड के सुदूर अंचल स्थित पॉवेल गाँव में कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार को चौपाल लगाकर ग्रामीणों के साथ संवाद किया। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में स्थित इस गाँव तक पहुंचने के लिए कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन दंतेवाड़ा जिले के बारसूर होकर पहुँचे।

- युवाओं को पूरी शिक्षा दिलवाएं ताकि भविष्य को बेहतर कर सकें : सिन्हा

गाँव पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। चौपाल के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन की प्राथमिकता में पूरा बस्तर संभाग है, नक्सलमुक्त क्षेत्रों में विकास कार्य को गति देने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वस्थ बस्तर अभियान, बस्तर मुन्ने, नियद नेल्लानार योजना 2.0 का क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग कर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही राशन सामग्री की व्यवस्था, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए, आधार कार्ड निर्माण, सामाजिक पेंशन की स्थिति, महतारी वंदन योजना, मातृत्व वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंकिंग सुविधा, मनरेगा जॉब कार्ड की स्थिति, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय बनाने, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।



#### गुमराह होने से बचें युवा

एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने कहा कि पूर्व में असामाजिक तत्वों के कारण विकास से दूर रहे क्षेत्रों में प्रशासन की पहुँच ही विकास को बढ़ावा दे रही है। गाँव के युवाओं को पूरी शिक्षा दिलवायें ताकि युवा अपने भविष्य को बेहतर कर सकें। पुलिस से किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो नजदीकी थाने में जाकर संपर्क कर सकते हैं। पुलिस विभाग ने पुलिस भर्ती के प्रशिक्षण की व्यवस्था बनाई है। युवा जो रोजगार की तलाश में हैं वे इसका लाभ ले सकते हैं।

#### माओवाद गतिविधियों से क्षेत्र विकास से वंचित रहा

ग्रामीणों ने गाँव में पेयजल की समस्या बताई जिस पर कलेक्टर ने फेल हुए बोरवेल को ठीक कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि पूर्व में माओवाद गतिविधियों के कारण यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा, लेकिन अब हालात में सुधार के साथ विकास कार्यों को तेजी दी जा रही है। कलेक्टर ने आगामी तीन माह के राशन की व्यवस्था गांव में करवाने के निर्देश दिए। आगामी दिनों में राशन सामग्री वितरण के लिए शासकीय राशन दुकान हेतु भवन निर्माण की स्वीकृति दी ताकि उसी से हितग्राहियों को गाँव में राशन सामग्री उपलब्ध हो।

#### 56 नए राशन कार्ड बने

इस अवसर पर अधिकारियों ने 56 नए राशन कार्ड, आधार कार्ड और वन अधिकार मान्यता पत्र का वितरण किया। साथ ही बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, टिफिन बॉक्स और पानी की बोतल वितरित की। पॉवेल चौपाल में सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, लोहंडीगुड़ा एसडीएम नीतीश वर्मा, तहसीलदार कैलाश पोयाम, जनपद सीईओ धनेश्वर पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## झुलसाने लगी धूपः जगदलपुर में 40 तो कोंटा व भोपालपट्टनम में पारा 42 डिग्री के आसपास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



अप्रैल माह में भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। मौसम का मिजाज तापमान मई, जून जैसी स्थिति पैदा कर रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले चार दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। बस्तर संभाग मुख्यालय में गुरुवार को तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया। जबकि दक्षिण बस्तर के कोंटा और पश्चिम बस्तर के भोपालपट्टनम में पारा 42 डिग्री दर्ज किया गया जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

- अप्रैल में तापमान मई -जून जैसा, लोग हो रहे हलाकान

प्रदेश के कई हिस्सों में हीटवेव की स्थिति बनने की आशंका जताई गई है। 17 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है और तापमान में हल्की वृद्धि जारी रह सकती है। मध्य छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों के भीतर 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ोतरी संभव है। वहीं बस्तर संभाग के कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है। लेकिन इससे गर्मी में राहत मिलने के आसार कम हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश के ऊपर जटिल मौसमी तंत्र सक्रिय हैं। कर्नाटक और महाराष्ट्र के ऊपर प्रति चक्रवात बना हुआ है। जबकि दक्षिण-पूर्व मध्य प्रदेश से कोमोरिन तक द्रोणिका फैली हुई है। इसके साथ ही उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश के आसपास ऊपरी हवा का चक्रीय परिसंचरण सक्रिय है और विभिन्न दिशाओं में द्रोणिकाओं का विस्तार हो रहा है। जिससे गर्म और शुष्क हवाओं का प्रभाव लगातार बना हुआ है।

#### सावधानी बरतें

*अत्यधिक गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और हल्के व ढीले कपड़े पहनने की अपील की गई है। आने वाले दिनों में स्थिति गंभीर हो सकती है। ऐसे में सावधानी ही सबसे प्रभावी बचाव माना जा रहा है।*

## खरीदी केंद्रों में पड़े धान के उठाव में आई तेजी, 25 तक पूरा उठाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिले में धान उठाव को लेकर प्रशासन ने रणनीति अपनाई है। जिससे 79 खरीदी केंद्रों में संग्रहित धान को समय पर सुरक्षित उठाया जा सके। मार्कफेड और खाद्य विभाग जीरो वेस्टेज बिना किसी नुकसान के धान उठाव का लक्ष्य तय किया है। प्रशासन का प्रयास है कि 25 अप्रैल से पहले संपूर्ण उठाव कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जिससे खरीदी केंद्रों में लंबे समय तक पड़े रहने की समस्या समाप्त हो सकेगी।

सोमवार तक 7 लाख 56 हजार 360 क्विंटल धान शेष था, जिसे उठाना चुनौती थी। लेकिन वर्तमान में प्रतिदिन 400 से 500 टन धान उठाव के कारण स्टॉक तेजी से कम हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक मार्कफेड लगभग 1 लाख 60 हजार क्विंटल धान को 1950 रुपए प्रति क्विंटल की दर से नीलाम करेगा। इस पूरी प्रक्रिया में 50 से अधिक राइस मिलर्स को जिम्मेदारी दी गई है, जो न केवल बस्तर बल्कि 11 जिलों तक उठाव कार्य कर रहे हैं। जिले में ▸▸ शेष पेज 12 पर



## बीमा कंपनी अदा करेगी उपचार व्यय की दावा राशि 5 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में आवेदकगण को चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड चेन्नई द्वारा उपचार व्यय की क्षतिपूर्ति दावा राशि 5 लाख रुपए और मानसिक क्षति हेतु 10 हजार रुपए देगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ जारी किया है। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी जीवनलाल राठी, जया राठी एवं अक्षय राठी द्वारा इंडसइंड बैंक जगदलपुर के माध्यम से चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से फ्लेक्सी ▸▸ शेष पेज 12 पर

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने किया आदेश




## जिले के जंगल में आग लगने पर काबू पाएंगे फायर वाचर

# हॉट स्पॉट में अग्नि सुरक्षा झोपड़ी पर फायर वाचर तैनात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिले में विभिन्न बीट में हॉट स्पॉट चिन्हित किया गया, जहां पिछले 5 सालों में जंगल में आग लगी। ऐसे हॉट स्पॉट में अग्नि सुरक्षा झोपड़ी बनाया गया, जहां पहली बार वन विभाग ने फायर वाचर नियुक्त किया गया, जो जंगल में आग को काबू पाएंगे। जिले की पहाड़ी एवं जंगलों में गर्मी का मौसम शुरू होते ही आग लगने का सिलसिला शुरू हो जाता है। पहाड़ी को आग से बचाने और आग लगने की स्थिति में निगरानी रखने के लिए वन विभाग द्वारा फायर वाचर की नियुक्ति की जाती है। जंगल में सूखे पत्तियों को हटाना, आग से संबंधित काम (ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग) करने से बचना और सूखी घास पर सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है। वन प्रबंधन समितियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत वन विभाग को सूचना देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वन विभाग की इस अपर्याप्त व्यवस्था के कारण ही हर वर्ष क्षेत्र के जंगलों में कई बार आग लगने पर समय पर जानकारी नहीं मिल पाती है। इससे वनों को तो नुकसान होता है, साथ ही वन्य जीवों पर भी संकट खड़ा हो जाता है। इसमें विभाग के एसडीओ अधीनस्थ परिक्षेत्र अधिकारी के साथ आग बुझाने में जुटे हुए हैं।





#### ग्रामीणों में कर रहे जागरुक

एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि जंगल में आग पर गांव-गांव में अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसमें ग्रामीणों को जागरुक किया जा रहा है। इसके अलावा एनजीओ एवं कला जत्था की ओर से नृत्य, नाटक मंचन कर और ग्रामीणों की बैठक लेकर आदि से जागरूक किया जा रहा है।

#### रेंजर को दिए निर्देश

बस्तर के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि जंगल को आग से बचाने के लिए फायर वाचर नियुक्त किए गए हैं। इस पर ध्यान देने के लिए जिले के सभी रेंजरों को निर्देश दिए कि हॉट स्पॉट में अग्नि सुरक्षा झोपड़ी का समय-समय निरीक्षण करें।



## खबर संक्षेप

### छिंदली में लगेगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

**कोण्डागांव।** ग्रामीणों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम छिंदली में आयोजित होगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करेंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### लगातार 3 वर्ष से रायपुर मंडल एवं मध्य क्षेत्र में विनोद प्रथम

**कोण्डागांव।** भारतीय जीवन बीमा निगम के उत्कृष्ट अभिकर्ता विनोद



कुमार साहू ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में बीमा व्यवसाय में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। श्री साहू लगातार 3 वर्षों से रायपुर मंडल एवं मध्य क्षेत्र छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वे पिछले 10 सालों से जगदलपुर एवं कोंडागांव शाखा में भी लगातार प्रथम स्थान पर बने हुए हैं। एमडीआरटी यूएसए की पात्रता हासिल की है और जापान, थाईलैंड, मलेशिया जैसे देशों में सम्मानित हो चुके हैं। इस अवसर पर बीमा अधिकारी व एलआईसी परिवार के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं।

### दसवीं के भौमिक ने 93.6 फीसदी अंक किए हासिल

**जगदलपुर।** शहर के पीएमश्री



केन्द्रीय विद्यालय के सीबीएससीई के कक्षा दसवीं के छात्र भौमिक पराते ने 93.6 फीसदी प्राप्त किए।

### आरटीई में प्रतिपूर्ति बढ़ाने निजी स्कूल बंद रहेंगे आज

**जगदलपुर।** निजी स्कूलों ने शिक्षा के अधिकार के तहत प्रतिपूर्ति दर बढ़ाने की मांग को लेकर असहयोग आंदोलन शुरू किया है। कल 17 अप्रैल को सभी स्कूल संचालक एवं शिक्षक काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। 18 अप्रैल को स्कूल पूर्णतः बंद रखे जाएंगे। इस दौरान सरकार से मांग की गई है कि 2011 से लंबित प्रतिपूर्ति दर का पुनर्निर्धारण किया जाए और शासकीय स्कूलों के प्रति छात्र व्यय की राशि सार्वजनिक की जाए।

### केशकाल नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को मिली मंजूरी

**कोण्डागांव।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद केशकाल नगर पंचायत में 4 विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की है। वार्ड क्रमांक–2 में बीईओ ऑफिस के पास उद्यान निर्माण के लिए 9.91 लाख रुपए तथा ब्लॉक कॉलोनी स्कूल के सामने पेवर ब्लॉक कार्य के लिए 9.93 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वार्ड क्रमांक–1 में सामुदायिक भवन एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 9.99 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। वार्ड क्रमांक–10 में शेड निर्माण के लिए 9.98 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उप मुख्यमंत्री ने सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# केशकाल में डाडा कप का समापन, 42 रनों से जीतकर टीम अल्टिमेट चैलेंजर्स बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

नगर के सुरडोंगर प्रियदर्शिनी स्टेडियम में आयोजित 5 अप्रैल से शुरू हुए रात्रिकालीन टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता "डाडा कप सीजन -1" का 15 अप्रैल बुधवार की रात धूमधाम से समापन हुआ। प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों ने भाग लिया, जिसमें केशकाल नगर पंचायत अंतर्गत निवासरत खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर नगरवासियों का भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मैच में अल्टीमेट चैंपियंस ने टीम गौलाचंद को हराकर 66,666 रुपए की इनाम राशि और ट्रॉफी अपने नाम किया। आयोजन समिति के सदस्य अख्तर मेमन और वसीम मेमन ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्वर्गीय डाडाभाई की स्मृति में आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य नगर के युवाओं में भाईचारा और सौहार्द बढ़ाना। आयोजन को सफल बनाने में केशकाल नगर के प्रबुद्धजनों और नगरवासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत मे नगर के प्रतिष्ठित जन अमीन मेमन, भूपेश चंद्राकर, रफीक मेमन, अनीस मेमन एवं टीआई विकास बघेल के द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को बधाई देते हुए उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समिति ने सभी खिलाड़ियों और नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सुरडोंगर प्रियदर्शिनी स्टेडियम में खेले गए मैच

### जोहार किसान और गौलाचंद के बीच हुआ रोमांचल सेमीफाइनल

बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जोहार किसान 11 को हराकर गौलाचंद की टीम ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में अल्टिमेट चैलेंजर्स के कप्तान फैज रजा के नेतृत्व में टीम ने 12 ओवर में 114 रन बनाए और गोलाचंद को 115 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गौलाचंद की टीम, जिसकी कप्तानी वसीम मेमन कर रहे थे, 72 रनों पर ही सिमट गई। इस तरह अल्टिमेट चैलेंजर्स ने 42 रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया।




### फैज़ रज़ा बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

विजेता टीम अल्टिमेट चैलेंजर्स को आयोजन समिति एवं अतिथियों के द्वारा 66,666 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम गोलाचंद को 44,444 रुपये एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब अल्टिमेट चैलेंजर्स के कप्तान फैज रज़ा को दिया गया।

**कार्यक्रम :** शहर में की पदयात्रा व नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का भव्य आयोजन

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के साथ नेतृत्व होगा सशक्त : वेदवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला मुख्यालय में पदयात्रा व नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता ने मातृशक्ति के जागरूक और सशक्त स्वरूप को प्रदर्शित किया। पदयात्रा के पश्चात जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में बस्तर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, छोटेडोंगर सरपंच श्रीमती संध्या पवार, जनपद सदस्य श्रीमती रामबत्ती देवांगन, शिक्षिका श्रीमती रीना मंडल, अधिवक्ता श्रीमती सीता वड्डे, स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ श्रीमती वनिता जैकब, पूर्व नक्सल पीड़ित एवं वर्तमान में पुलिस आरक्षक सुधाये गोटा तथा गायत्री परिवार से श्रीमती सत्यभामा नागवंशी मंच पर विराजमान रहीं। अपने संबोधन में श्रीमती वेदवती कश्यप ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में






महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को लोकतंत्र में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा, जिससे संसद और विधानसभाओं में उनकी भागीदारी और नेतृत्व और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने इसे देश की मातृशक्ति को निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। इसके पश्चात सम्मेलन को श्रीमती संध्या पवार, श्रीमती रीना मंडल, श्रीमती वनिता जैकब, श्रीमती सत्यभामा नागवंशी,सीता वड्डे तथा सुकाय गोटा ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने महिलाओं को शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर इस ऐतिहासिक पहल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद संगीता जैन, जिला पंचायत सदस्य हीना नाग, शांति नेताम, दीपाली नाग, खुशबू जैन, वर्षा पांडेय, शोभना नायर, लक्ष्मी यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सरिता बंजारे ने किया तथा आभार पार्षद रमशीला नाग ने किया।

# अब हथियार नहीं, हुनर से बदल रही पुनर्वासितों की जिंदगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत जिले में पुनर्वासित युवा अब हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं और कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। ग्राम कुधुर के तुलसी राम, रजमन एवं गोबरू लाइवलीहुड कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें वायरिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

- इलेक्ट्रिशियन ट्रेड से आत्मनिर्भर बनने की राह

### आत्मसमर्पण के बाद बदली जिंदगी

युवाओं ने बताया कि पहले भय और असुरक्षा के माहौल के कारण वे भटक गए थे, लेकिन पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर आत्मसमर्पण कर अब नई शुरुआत की है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे अपने गांव में ही वायरिंग कार्य शुरू कर स्वरोजगार स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। पुनर्वास केंद्र में रहकर उन्हें सुरक्षित माहौल में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिल रहा है, जिससे वे अपने भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं।

### सरकार की पहल से मिल रहा नया जीवन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं के माध्यम से पुनर्वासितों को रोजगार एवं आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा संचालित पुनर्वास केंद्र भटके हुए युवाओं को प्रशिक्षण देकर समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

# पोइला बैसाख पर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया बंगाली नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के बंगाली समुदाय द्वारा बंगाली नववर्ष पोइला बैसाख का पर्व इस वर्ष भी पूरे उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के काली मंदिर परिसर में बुधवार को आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक समापन हो गया। जिसमें लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर भाग लिया और नव वर्ष के स्वागत में गीत-संगीत प्रस्तुत किया। इसके बाद शाम को काली मंदिर स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से बंगाली संस्कृति की झलक पेश की।

कार्यक्रम के दौरान विशेष व्यंजनों का भी आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक बंगाली पकवानों का स्वाद लोगों ने बड़े उत्साह से लिया। बंगाली समाज के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ तथा सभी ने मिलकर नए वर्ष के आगमन का स्वागत किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए आने वाले वर्ष के लिए सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

- पारंपरिक वेशभूषा पहनकर लिया भाग
- नए साल के स्वागत में गीत संगीत की हुई प्रस्तुति

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मना चिरायु दिवस

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रति गुरुवार को जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न श्रेणी के चिन्हांकित शन्य से 18 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कर चिरायु दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विकासखंड स्तर पर प्रत्येक आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुछ गंभीर रोगों से ग्रस्त बच्चों का उच्चस्तरीय जांच दूरस्थ्य क्षेत्रों में सुविधा के अभाव में न हो पाने की स्थिति में उन बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल व मेडिकल कालेज में रेफर किया जाता है, जिससे उक्त बच्चों की जांच व उपचार बेहतर हो सके। मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अन्तर्गत दिल मे छेद या हृदय संबंधी रोग से ग्रसित कटे फटे होठों के बच्चों का चिन्हांकित कर मेडिकल कालेज से रेकर बच्चों को उनके अच्छे



स्वास्थ्य लाभ के लिए राज्य के निजी अस्पतालों में जिन्हें शासन ने मान्यता दी है। उन अस्पतालो में विशेषज्ञों द्वारा उनका मुस्कान योजना के तहत निःशुल्क आपरेशन किया जाकर पूर्ण स्वस्थ्य होने तक उनकी देखभाल की जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड ने चिरायु दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉ. प्रियंका सिकरवार, डॉ. नैतिक मंडावी, डॉ. सत्यम ठाकुर, डॉ. पिताम्बर साहू, डॉ. दिपाली साहू, डॉ. सुलेखा कंवर, फार्मासिष्ट संजीव हलधर, विमलेश पैकरा, गंगाधर पात्रो, लेब तकनिशियन यश प्रकाश पांडे, एएनएम दयामनी कश्यप, तुलावती कश्यप, हिरामती सेठिया शामिल रहे।

# आईएफसी के माध्यम से हजार महिला किसानों को आजीविका संवर्धन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत कोंडागांव विकासखंड में महिला किसानों को आजीविका से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। सूर्योदय महिला क्लस्टर संगठन, चिपावंड के अंतर्गत 10 ग्राम पंचायतों की लगभग 1000 महिला किसानों को इस पहल से जोड़ा गया है। मक्का उत्पादन, सब्जी उत्पादन एवं मुर्गी पालन जैसी गतिविधियों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि एवं पशुपालन विभाग द्वारा प्रशिक्षण के साथ ड्रिप, मल्चिंग, बीज एवं कृषि उपकरण बाजार से कम दर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना के तहत अब तक 413 महिला किसान लखपति बन चुकी हैं, जो इसकी सफलता को दर्शाता है। ब्रुडिंग सेंटर के माध्यम से 5500 चूजों का उत्पादन कर 291 किसानों को विक्रय किया गया जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त हुई। मक्का बीज के विक्रय से केंद्र को 59 हजार से अधिक का लाभ हुआ, वहीं —षि सखियों को प्रोत्साहन राशि भी दी गई।

- लगभग 1000 महिला किसान जुड़ीं, आय बढ़ाने की दिशा में पहल
- 413 महिला किसान बन चुकीं हैं लखपति

**खरीफ सीजन के लिए 22 लाख की योजना –**

खरीफ सीजन के लिए 1200 किसानों को बीज उपलब्ध कराने के लिए 22 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार की गई है। यह पहल महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

### संपूर्णता अभियान 2.0 में छात्राओं को पोषणयुक्त एवं विविध आहार देने की पहल

***कोण्डागांव।** शहर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रवास में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत दक्षिण भारतीय नाश्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य नीति आयोग की संयुक्त संचालक डॉ. भावना दीक्षित के निर्देशानुसार बच्चों के आहार में विविधता लाने हेतु यह पहल की गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और दक्षिण भारतीय व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर छात्राओं को संतुलित एवं विविध आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना और भोजन में विविधता सुनिश्चित करना है।*



## विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने सेवाओं की गुणवत्ता परखी

# सखी वन स्टॉप सेंटर कोंडागांव का निरीक्षण, सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिलाओं को उपलब्ध सहायता सेवाओं की समीक्षा के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खिलावन राम रीगरी के मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने केंद्र में रह रही महिलाओं को प्रदान की जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध कानूनी सहायता, चिकित्सा सेवाएं, मनोवैज्ञानिक परामर्श, आश्रय सुविधा एवं पुलिस सहायता जैसी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। सचिव ने केंद्र के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आश्रय के लिए आने वाली सभी महिलाओं को शासन द्वारा निर्धारित समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही पीड़ित महिलाओं के साथ संवेदनशीलता और समर्पण भाव से कार्य करने पर विशेष जोर दिया।

- महिला सहायता सेवाओं की समीक्षा
- व्यवस्थाओं का भी किया मूल्यांकन




### निःशुल्क कानूनी सहायता दिलाने के निर्देश

उन्होंने यह भी कहा कि जिन महिलाओं को कानूनी सहायता की आवश्यकता है, उनके आवेदन तैयार कर उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजा जाए, ताकि उन्हें समय पर निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता मिल सके और उनके अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें।

### अधिवक्ता व अधिकार मित्र भी रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट, अधिकार मित्र लोकेश यादव एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### खरीदी केंद्रों में...

इस वर्ष 40667 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 28 लाख 17 हजार 420 क्विंटल धान बेचा है।

**हर स्तर पर सख्ती की जा रही: डीएमओ:** डीएमओ राजेंद्र कुमार ध्रुव और खाद्य नियंत्रक घनश्याम सिंह राठौर ने बताया कि जीरो वेस्टेज मॉडल के तहत हर स्तर पर सख्ती बरती जा रही है। जिससे धान की गुणवत्ता और किसानों का भरोसा दोनों कायम रहे।

### बीमा कंपनी अदा...

हेल्थ पॉलिसी के अंतर्गत बीमा करवाया गया था। आवेदक जीवनलाल राठी की कमर एवं दाहिने पैर में दर्द की शिकायत होने पर उसका जगदलपुर, विशाखापट्टनम सहित कई स्थानों पर उपचार एवं सर्जरी करवायी गई थी। आवेदकगण द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष क्षति दावा प्रस्तुत किए जाने पर बीमा कंपनी द्वारा वेटिंग पीरियड पूर्ण नहीं होने के आधार पर आवेदक का दावा निरस्त कर दिया गया। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि चोला एमएस फ्लेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस व्यापक इंडिमिनिटी आधारित योजना है जो व्यक्तिगत जरूरत के अनुसार प्रीमियम बीमा राशि और पॉलिसी की अवधि को अनुकूलित करने की सुविधा देता है। इसकी प्रारंभिक प्रतिक्षा अवधि 30 दिनों के साथ आती है, पर इस योजना के अंतर्गत एक निश्चित अवधि के उपरांत भी कुछ बीमारी और उपचारों को कवर किया जाता है। बीमा कंपनी द्वारा आवेदकगण के बीमा दावा को निरस्त कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। आवेदकगण को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए की क्षति पृथक से दिए जाने का आदेश भी पारित किया गया है।

### भाजपा सरकार शुरू...

में पारित हुआ। नरेंद्र मोदी सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। महंगाई से सबसे ज्यादा परेशान महिलाएं है। महिलाओं की नाराजगी दूर करने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया जा रहा है। तब भाजपा विपक्ष के रूप में इस पर रोड़ा अटकाते रही है। वर्तमान में भी चुनावी हार को देखते हुये महिला आरक्षण बिल लाया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्रगणकों ने नाटक के जरिए दिखाईं जमीनी चुनौतियां



**भोंड।** जनगणना के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षित प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों ने एक अनोखे और नवाचारी नाटक का मंचन किया। इस नाटक की विशेषता यह रही कि इसमें अनुसूचित एवं आदिवासी क्षेत्रों में कार्य करते समय प्रगणकों को किन-किन वास्तविक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, उसे जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटक में बस्तर अंचल की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को दर्शाया गया, जहां करिया, ठेंगा और पंडरी पानी जैसे पारंपरिक पेय तथा लांदा से मेहमानों का स्वागत करना यहां की सामाजिक परंपरा का हिस्सा है। सुख-दुःख या किसी भी अवसर पर आगंतुकों चाहे वे अधिकारी हों या कर्मचारी को इन चीजों से सत्कार करना स्थानीय लोगों की आत्मीयता को दर्शाता है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई, महिला डॉक्टर नहीं, मरीज परेशान

**गीदम।** गीदम ब्लॉक की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है और हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि अस्पताल खुद ही मरीज की हालत में नजर आ रहे हैं। हाल ही में बड़े तुमनार उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थिति का अवलोकन करने पर मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव सामने आया, जो सीधे तौर पर लचर व्यवस्था को उजागर करता है।



ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी ऋषभ सुराना ने कहा कि गीदम में वर्तमान में एक भी महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध नहीं है, जो बेहद गंभीर विषय है। पहले महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना थी, जिनके रहते महिलाओं का उपचार सुचारू रूप से होता था और सोनोग्राफी जैसी जरूरी सुविधा भी उपलब्ध थी, लेकिन उनका ट्रांसफर कर दिया गया। आज हालात यह हैं कि महिलाओं को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है और उन्हें मजबूरन दूर-दराज क्षेत्रों का रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में अस्पतालों की स्थिति और भी बदतर हो गई है। मरीज पहले ही बीमारी से जूझ रहे हैं, ऊपर से अस्पतालों में न पंखों की व्यवस्था है, न कूलर की सुविधा, जिससे उनकी पीड़ा कई गुना बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ भी इस असहनीय गर्मी में काम करने को मजबूर हैं, इसके बावजूद वे लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# स्वर्णिम जीत: छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल टीम ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- बीजापुर की बेटियों का शानदार प्रदर्शन



प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम कर इतिहास रच दिया। इस बड़ी उपलब्धि में बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों बिंदु तेलम और मीना कश्यप का अहम योगदान रहा।

बीजापुर जिले के तुमनार गांव की निवासी बिंदु तेलम एक साधारण किसान परिवार से आती हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से खेल जगत में पहचान बनाई है। बिंदु पहले ही जूनियर नेशनल यूथ गेम्स और इंडियन वुमेंस लीग में अपने खेल का लोहा मनवा चुकी हैं और वर्तमान में कॉलेज की पढ़ाई के साथ अपने खेल को और निखार रही हैं।

वहीं, मीना कश्यप ने भी अपने दमदार खेल से टीम को मजबूती प्रदान की। उन्होंने जूनियर नेशनल, सीनियर नेशनल और इंडियन वुमेंस लीग में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। मीना एक किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं और कॉलेज के अंतिम वर्ष की छात्रा होने के साथ-साथ नगर सैनिक के रूप में भी सेवाएं दे रही हैं। बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की कोच ज्योति यादव (एनआईएस एवं एएफसी 'सी' लाइसेंस कोच) के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया। उनके निरंतर प्रशिक्षण और प्रेरणा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना



राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाली 69वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की अंडर-14 बालक एवं बालिका टीम रवाना हो चुकी है। यह प्रतियोगिता 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है।

इस बार भी छत्तीसगढ़ की टीम में बीजापुर जिले के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। बालक वर्ग में साहिल निषाद, अभील मिच्चा, दिव्यांशु पोयम, अनिकेत तेलम और बचालु कवासी का चयन हुआ है, वहीं बालिका वर्ग में अनुराधा कोवासी और अनुसूर्या यालम टीम का हिस्सा हैं। खिलाड़ियों के चयन पर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा और खेल प्रभारी उत्तम पंचारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं भी दीं। अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टबॉल कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान करणेवार ने बताया कि इस वर्ष अंडर-14 वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम काफी मजबूत है और पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। जिले के इन होनहार खिलाड़ियों से न केवल बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है, बल्कि वे राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## 11,000 फड़ मुंशी, 25,000 मानदेय का वादा अब तक अधूरा

# मोदी की गारंटी पर उठे सवाल, 38 साल से संघर्षरत फड़ मुंशी अब भी इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में शामिल तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों को कमिशन के अतिरिक्त 25,000 वार्षिक देने की घोषणा अब तक अधूरी है।

- मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी, सौंपा ज्ञापन



दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होने से प्रदेश के लगभग 11,000 फड़ मुंशियों में नाराजगी और आक्रोश है। फड़ मुंशी संघ के जिला अध्यक्ष सुरजीत सेठिया ने बताया कि फड़ मुंशी विगत 38 वर्षों से लगातार संघर्ष करते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करते आ रहे हैं, बावजूद आज तक नियमित मानदेय तक प्राप्त नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि फड़ मुंशी वर्षभर तेंदूपत्ता संग्रहण, बोनस वितरण, चरण पादुका वितरण, शाखा कर्तन, बीमा योजनाएं तथा बच्चों की छात्रवृत्ति जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन ईमानदारी से करते हैं, जिससे ग्रामीण एवं आदिवासी समुदाय को लाभ मिलता है।

बावजूद मांगों की अनदेखी होना दुर्भाग्यपूर्ण है। वार्षिक 25000 की घोषणा से फड़ मुंशियों एवं उनके परिवारों में उम्मीद जगी थी, किंतु आज तक यह केवल घोषणा बनकर रह गई है। इससे फड़ मुंशियों में आर्थिक, पारिवारिक एवं मानसिक असंतोष बढ़ता जा रहा है। बस्तर अंचल में आगामी 1-2 दिनों में तेंदूपत्ता संग्रहण प्रारंभ होने वाला है। ऐसे में फड़ मुंशियों की नाराजगी का सीधा प्रभाव प्रदेश के लगभग 52 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों पर पड़ने की संभावना है, जिससे संपूर्ण व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। फड़ मुंशी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में संघ द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। इसी कड़ी में जिले के 152 फड़ मुंशियों ने विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर मोदी की गारंटी को लागू कराने की मांग रखते हुए ज्ञापन सौंपा। फड़ मुंशियों ने अपनी लंबित मांगों पर जल्द पहल करने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि फड़ मुंशी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, उनकी समस्याएं वास्तविक और गंभीर हैं। मैं शीघ्र ही इस विषय को मुख्यमंत्री एवं वन मंत्री के समक्ष रखूंगा और समाधान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

## कर्णिका ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक किए हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कर्णिका तिवारी पिता अमितेश तिवारी एवं माता नीरज तिवारी की सुपुत्री ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 की सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है। कर्णिका की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। शिक्षकों के अनुसार, वह एक मेहनती, एकाग्रचित्त एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्रा हैं, जिन्होंने सदैव उत्कृष्टता को अपना लक्ष्य बनाया।

इस वर्ष विद्यालय का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें 100 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। अनेक विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और भी ऊंचा उठाया। विद्यालय प्रशासन ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा यह शानदार परिणाम हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। कर्णिका की उपलब्धि विशेष रूप से सराहनीय है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतरता और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को अत्यंत उत्साह के साथ मनाया और इसे अपने लिए गर्व का क्षण बताया। जैसा कि कहा गया है सफलता छोटे-छोटे प्रयासों का परिणाम होती है, जिन्हें प्रतिदिन दोहराया जाता है।

कर्णिका तिवारी की सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

## तकनीशियन की कमी से मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सुकमा जिला अस्पताल पूर्व में एनक्यूएस, कायाकल्प और लक्ष्य जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। किंतु वर्तमान में विशेषज्ञों स्त्री रोग, ईएनटी, सर्जन, सोनोग्राफी तकनीशियन और आवश्यक दवाओं की कमी के कारण आम जनता एवं मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त कई विषयों को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम व राजेश नाग ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए कहा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के सुकमा प्रवास के दौरान विपक्ष भी सक्रिय रहा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुकमा प्रवास के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम व राजेश नाग ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए कहा कि जिले में डीएड और बीएड कॉलेज की स्थापना जिले के युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए अन्य जिलों पर निर्भर रहना पड़ता है। आम जनता और युवाओं में जिला सुकमा के स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना और आजीविका से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। शिक्षक भर्तियों में स्थानीय युवाओं को अवसर नहीं मिल पा रहा है। युवाओं के उज्जवल भविष्य हेतु जिला मुख्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के कॉलेज खोलना नितांत आवश्यक है।

## एनएसएल के अग्नि व सुरक्षा विभाग का आयोजन

# धनपुंजी डीएवी स्कूल में अग्नि सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





धनपुंजी स्थित एनएमडीसी डीएवी रेसीडेंशियल पब्लिक स्कूल में एनएसएल के अग्नि एवं सुरक्षा विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा एवं प्राथमिक अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था।

- सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल व सुरक्षित समाज विषय पर चित्रकला

विद्यालय की प्राचार्या ने बताया कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं, अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग की जानकारी दी गई। इसी अवसर पर "सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं सुरक्षित समाज" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्र अत्यंत रचनात्मक एवं संदेशपूर्ण थे, जिसकी अतिथियों द्वारा सराहना की गई। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा पांचवीं के साहिल बघेल, कक्षा आठवीं के दीपांशु कश्यप एवं कक्षा नवमी की किंजल सेठिया रहीं।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन डी. के. महापात्रा, पीके महापात्रा एवं एके मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में फायर एंड सेफ्टी के पवन कुमार तथा बीपी दास विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बाला किशोर अग्नि एवं सुरक्षा विभाग एवं संदीप बेबर्ता द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्राचार्या द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अधिकारी रणनीति और कार्ययोजना के साथ विकास को नई गति देने पर दें जोर: पिथोडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के महत्वाकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्रगति की समीक्षा केंद्रीय प्रभारी अधिकारी सीपीओ एवं सदस्य सचिव, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सीएक्यूएम, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तरुण कुमार पिथोडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की समीक्षा के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में जिले की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया गया। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक की शुरुआत में पीपीटी के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति की समग्र समीक्षा प्रस्तुत की गई। प्रस्तुति में स्वास्थ्य एवं पोषण के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, पंजीयन, नियमित एएनसी जांच, हीमोग्लोबिन परीक्षण तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के उपचार की जानकारी दी गई। मितानिनों द्वारा घर-घर भ्रमण, वीएचएसएनडी, पीएमएसएमए एवं विस्तारित पीएमएसएमए के माध्यम से सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। पोषण सुधार के लिए सुपोषण अभियान, यूनिवर्सल एग पहल एवं आंगनबाड़ी के माध्यम से गर्म भोजन वितरण जैसे प्रयासों से कुपोषण में कमी लाने पर जोर दिया गया। नवजात शिशुओं के लिए जन्म के तुरंत बाद स्तनपान, संस्थागत प्रसव एवं 24x7 स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा टीकाकरण अभियान, टीबी नियंत्रण हेतु कॉल सेंटर आधारित निगरानी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में रूपांतरण, स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन एवं विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता पर भी जानकारी दी गई।

शिक्षा के क्षेत्र में ड्रॉपआउट बच्चों के पुनः नामांकन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यालयों में शौचालय, पेयजल एवं बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर दी गयी जानकारी पर सदस्य सचिव ने संतोष व्यक्त किया।

# संघों ने किया छत्तीसगढ़ पेंशनर फोरम का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



राजधानी में प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संघों के प्रांत अध्यक्षों की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें सभी संघ ने एकसाथ मिलकर छत्तीसगढ़ पेंशनर फोरम गठित करते हुए लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष चंद्रिका सिंह को सर्वसम्मति से प्रांतीय संयोजक मनोनीत किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांत अध्यक्ष डॉ डी पी मनहर को और आर के थवाईत प्रांत अध्यक्ष छग प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ को फोरम के उप प्रांतीय संयोजक बनाया गया। छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष ओ पी शर्मा को प्रांतीय महामंत्री, जयनारायण श्रीवास्तव प्रांत अध्यक्ष राज्य पेंशनर एवं कर्मचारी कल्याण संघ को संरक्षक बनाने के साथ ही अनिल शुक्ला प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा को प्रमुख सलाहकार और विद्याभूषण दुबे को प्रांतीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया। बैठक में उपस्थित वीरेंद्र नामदेव प्रांत अध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के द्वारा पेंशनर फोरम गठन पर असहमति जताई गई। इस पर फोरम के प्रांतीय संरक्षक जयनारायण श्रीवास्तव के द्वारा नामदेव को उनके निर्णय पर पुनर्विचार करने का समय दिया गया। इस अवसर छग पेंशनर फोरम के नव निर्वाचित प्रांतीय संयोजक चंद्रिका सिंह ने कहा केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के पेंशनरों को समय पर महंगाई का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

### प्रारूप – तीन
### शपथ पत्र

मैं विरेन्द्र नाग पिता शंकर नाग उम्र 34 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा छ.ग. एतद् द्वारा पुष्टि करता हूं और निम्न अनुसार घोषित करता हूं-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. मेरा नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 2697 0884 5402 में मेरा नाम विरेन्द्र (VIRENDRA NAG) अंकित किया गया हैं। जिसके कारण शासकिय अर्द्धशासकिय कार्य में परेशानी हो रहीं है।
3. यह कि मेरा वास्तविक एवं सहीं नाम विरेन्द्र कुमार (VIRENDRA KUMAR) सहीं है जो मेरे नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में अंकित एवं प्रमाणित है।
4. यह कि में अपने आधार कार्ड में अंकित नाम विरेन्द्र नाग (VIRENDRA NAG) के स्थान पर मेरा वास्तविक एवं सहीं नाम विरेन्द्र कुमार (VIRENDRA KUMAR) अंकित करवाना चाहता हूं।
5. यह कि मुझे मेरे नाम बदलने से कोई आपत्ति नहीं है।
6. यह कि मैं यह शपथ पत्र मेरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा समक्ष अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
विरेन्द्र नाग

# भांसी में 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




एनएमडीसी डीएवी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भांसी में आयोजित 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 15 अप्रैल को किया गया। यह कार्यक्रम रैम्प योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें राज्य में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के मार्गदर्शन पर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन चॉइस सल्टेंसी सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों द्वारा व्यवसाय प्रारंभ करने के अवसर, वित्तीय सहायता, शासकीय योजनाओं का लाभ एवं कौशल विकास से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों को उद्यमिता की मूलभूत जानकारी, व्यवसाय योजना तैयार करना, विपणन रणनीति तथा व्यवसाय स्थापित करने के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में समझाया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई 10 वीं में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जगदलपुर।** सीबीएसई द्वारा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किया गया। इस अवसर पर नकटी सेमरा आड़ावाल स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा दसवीं में 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से सभी विद्यार्थी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण रहे। विद्यालय की छात्रा तानिया साहू, राजशेखर साहू, प्रीति जायसवाल का प्रदर्शन अत्यंत उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय के प्राचार्य शैलेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। यह सफलता निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

### अग्निवीर भर्ती के लिए 4 मई से विशेष प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार जून 2026 में प्रस्तावित अग्निवीर सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास आयोजित की जा रही है। यह विशेष प्रशिक्षण 4 मई से शुरू होकर 4 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को लिखित परीक्षा के लिए तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। इस वर्ष बस्तर जिले से कुल 620 अभ्यर्थियों ने थल सेना की वेबसाइट पर अपना सफल पंजीकरण कराया है। उपसंचालक रोजगार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कोचिंग के माध्यम से युवाओं की सफलता दर बढ़ाने और उन्हें राष्ट्र सेवा के मुख्य मार्ग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के एरपुडं के आश्रित ग्राम मालेवाही में आज सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक विनायक गोयल ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समाधान किया। पहली बार इस सुदूर वनांचल क्षेत्र में समग्र सेवा शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, क्रेड़ा, आयुष्मान तथा कृषि विभाग सहित 32 से 35 विभागों की भागीदारी रही। विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को गांव तक पहुंचाना और नागरिकों को उनके अधिकारों एवं योजनाओं का लाभ सीधे प्रदान करना रहा।

इस दौरान अनेक ग्रामीणों की भूमि संबंधी समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण एवं परामर्श प्रदान दिया गया। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड से संबंधित जानकारी दी गई तथा नए पंजीयन किए गए। किसानों को उन्नत खेती, बीज एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। पात्र हितग्राहियों को स्वीकृत योजनाओं का चेक दिए गए। बच्चों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

विधायक विनायक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशासन अब गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

**सुदूर वनांचल एरपुडं के मालेवाही में लगा सेवा शिविर**



**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मंगतुराम कश्यप , नरसिंह ठाकुर, बाबुल नाग, जानकी, नरेश खापडे, चन्द्रशेखर ठाकुर, तुलाराम सेठिया, शिवानंद पेगड़, लखन ठाकुर , बुटकी कश्यप, लक्ष्मण बेंजाम, बसंती राणा, चयत राम कश्यप, कलेक्टर आकाश छिकारा, एस पी शलभ कुमार सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतिक जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# सुशासन तिहार 2026 के तहत 1 मई से 10 जून तक लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि राज्य शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी "सुशासन तिहार 2026" का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जाएगा। इसे मद्देनजर रखते हुए जन समस्याओं एवं शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करने सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने शासन की मंशानुरूप बस्तर संभाग में नियद नेल्लानार 2.0 सहित बस्तर मुन्ने अभियान और मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किए जाने कहा। कमिश्नर ने गुरुवार को आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए।

कमिश्नर ने बैठक के दौरान कहा कि जिलों में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा पेयजल की उपलब्धता हेतु हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित तौर पर क्षेत्र भ्रमण कर लोक सेवाओं की उपलब्धता और योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग करने सहित मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने कहा। वहीं मैदानी अमले की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने आगामी 1 मई से 10 जून तक चलाए जाने वाले सुशासन तिहार की तैयारी करने सहित इस दिशा में व्यापक जन-जागरूकता निर्मित किए जाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में अंदरूनी क्षेत्रों के लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन, ग्राम पंचायत स्तर से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने, पात्रता के आधार पर वनाधिकार पट्टा प्रदाय करने, किसान क्रेडिट कार्ड इत्यादि से लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना 2027 की प्रगति, खरीफ फसल सीजन के लिए खाद-बीज का भण्डारण एवं किसानों को वितरण, पीएमश्री स्कूलों एवं सेजेस के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया आदि की विस्तृत समीक्षा की गई।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार एवं गीता रायस्त सहित संभाग स्तरीय अधिकारी और नोडल अधिकारी मौजूद थे। वहीं संभाग के अन्य जिलों से राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, खाद्य इत्यादि विभागों के अधिकारी वर्चुअल तौर पर जुड़े रहे।

# समर कैम्प में बच्चों की निखरेगी प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बाल गृह बालक, बालिका में आज से ग्रीष्मकालीन समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 15 जून तक संचालित होगा। समर कैंप का उद्देश्य बाल गृह में निवासरत बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।

- 2 माह तक सिखायी जाएगी रचनात्मक गतिविधियां

इस दौरान बच्चों के लिए शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। बच्चों को नई-नई विधाओं से परिचित कराने के साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाएगा। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही ने कहा कि समर कैंप केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास का मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। जो उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक दौर में आगे बढ़ने में सहायक बनते हैं।

प्रोग्राम ऑफिसर योगेश ठाकुर ने बताया कि शिविर के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, खेलकूद, नृत्य, नाटक, हिंदी-अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण, रचनात्मक गतिविधियां तथा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज कांत जोशी ने कहा कि समर कैंप के संचालन हेतु संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य करेंगे। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्य वर्षा श्रीवास्तव, धनेश्वरी वर्मा, रामकृष्ण ठाकुर, संतोष जोशी सहित बाल गृह के अधिकारी-कर्मचारी और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जागरूकता रैली निकालकर नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति किया सचेत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



महानिदेशक, निदेशक एवं डीआईजी नगर सेना मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को नगर सेना द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के आयोजन हेतु कलेक्टर आकाश छिकारा से नियमानुसार अनुमति प्राप्त की गई।

नगर सेना सेनानी संतोष मार्बल ने बताया कि यह रैली शहर के मुख्य मार्ग लालबाग मैदान से प्रारंभ होकर कोतवाली चौक, महावीर चौक, संजय मार्केट, चांदनी चौक, वीर सावरकर चौक, जमाल मील चौक एवं एयरपोर्ट चौक होते हुए फायर स्टेशन तक लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय की। रैली में कुल 238 फायर कर्मचारी, एसडीआरएफ जवान एवं नगर सैनिकों ने पैदल मार्च कर भाग लिया।

रैली की शुरुआत में शहीद हुए फायर अधिकारी एवं कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात आम नागरिकों, व्यापारी बंधुओं, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, होटल एवं दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।इस दौरान लोगों को अपने प्रतिष्ठानों एवं वाहनों में अग्निशामक यंत्र लगाने, कचरे में आग न लगाने, बिजली के खुले तारों को सुरक्षित रखने, जंगलों में महुआ बिनने के दौरान आग न लगाने तथा बिजली तारों के नीचे पैरावट का ढेर न रखने की अपील की गई।

# रेत के अवैध उत्खनन पर सालभर में 26 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान की गई कार्यवाही के तहत कुल 32 प्रकरण दर्ज कर शासन के मद में 26,80,180 रुपये की भारी जुर्माना राशि जमा कराई गई है।

- बस्तर में अवैध रेत कारोबार पर सतत निगरानी जारी

सहायक खनिज अधिकारी ने शिकायतों के आधार पर बकावंड तहसील के अंतर्गत बनियागांव क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। हालांकि निरीक्षण के समय मौके पर कोई मशीन या वाहन कार्यरत नहीं पाया गया, लेकिन प्रशासन ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी चैकसी बढ़ा दी है। पूर्व में भी इसी क्षेत्र में ओडिशा सीमा के पास अवैध उत्खनन करते हुए एक चैन माउंटेन पोकलेन मशीन को जब्त किया गया था, जिसमें संलिप्त व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1,36,400 रुपये का अर्थदंड वसूला गया था।

खनिज अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार पिछले एक साल में अवैध परिवहन के 22 मामलों में आठ लाख से अधिक, अवैध भंडारण के 4 मामलों में लगभग बारह लाख और अवैध उत्खनन के 6 मामलों में साढ़े छह लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया था। हाल ही में 29 मार्च को किए गए औचक निरीक्षण के दौरान बनियागांव और अन्य क्षेत्रों से अवैध परिवहन में संलिप्त चार और वाहनों को पकड़कर उनके विरुद्ध नए प्रकरण दर्ज किए गए हैं। खनिज अधिकारी ने इस संबंध में पुष्टि की है कि खनिज जांच दल द्वारा जिले के भीतर और सीमावर्ती इलाकों में खनिजों के अवैध दोहन को रोकने के लिए सतत निगरानी की जा रही है।

# बस्तर के आर्थिक क्षितिज पर नई दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



बस्तर की छिपी हुई आर्थिक संभावनाओं को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने और स्थानीय युवाओं के भीतर उद्यमिता की लौ जलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की अनूठी पहल थिंक बी (बिल्डिंग बैटर बस्तर) ने एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। एक्सप्लोरिंग बस्टर्स पोटेंशियल की विशेष थीम पर आधारित एक गौरवशाली एंटरप्रेन्योर मीट का आयोजन गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित थिंक बी केंद्र में किया गया, जहाँ बस्तर के पारंपरिक हुनर और आधुनिक कॉर्पोरेट विजन का एक अद्भुत संगम देखने को मिला।

- थिंक बी की एंटरप्रेन्योर मीट में गूंजा वैश्विक पहचान का संकल्प

इस आयोजन की सार्थकता को तब और बल मिला जब देश के विख्यात वित्तीय विशेषज्ञ श्री अभिनव खंडेलवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। आईपीओ एडवाइजरी, प्री-आईपीओ और प्राइवेट इक्विटी जैसे जटिल वित्तीय क्षेत्रों में लंबा अनुभव रखने वाले श्री खंडेलवाल ने स्थानीय उद्यमियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने बस्तर के उभरते हुए स्टार्टअप्स को यह महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाया कि कैसे यहाँ के पारंपरिक व्यवसायों को निवेश की आधुनिक तकनीकों से जोड़कर वैश्विक स्तर पर स्केलेबल बनाया जा सकता है। करीब 90 मिनट के इस सत्र में उत्साह का माहौल रहा, जहाँ युवाओं ने अपने व्यापारिक मॉडलों को और अधिक प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के गुर सीखे। कार्यक्रम का केंद्र बिंदु मुख्य रूप से पर्यटन, होमस्टे, वन उत्पाद, कृषि प्रसंस्करण और यहाँ की समृद्ध कला एवं संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र रहे। आयोजकों का मानना है कि बस्तर की असली ताकत उसकी जड़ों में है, और यदि इन पारंपरिक क्षेत्रों को सही मार्गदर्शन और सही समय पर निवेश मिल जाए, तो क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को एक नई और सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। यह मीट केवल चर्चा तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने स्थानीय उद्यमियों को एक ऐसा शक्तिशाली नेटवर्क प्रदान किया, जिससे वे अपने स्टार्टअप्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर ले जा सकें।

खरीफ सीजन के लिए तैयारी शुरू

# नील हरित काई और नैनो खादों से बढ़ेगी पैदावार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिले में खरीफ वर्ष 2026 के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विभाग ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के शोध के आधार पर किसानों से संतुलित उर्वरक उपयोग की अपील की है, जिसके तहत नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। नैनो यूरिया का निर्धारित दर पर दो बार छिड़काव करने से नत्रजन उर्वरक की खपत में 25 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सकती है, वहीं नैनो डीएपी के माध्यम से बीजोपचार और छिड़काव करने पर फास्फोरस की मात्रा में भी 25 प्रतिशत की बचत संभव है। इस तकनीकी जानकारी के प्रचार-प्रसार हेतु जिला प्रशासन द्वारा सहकारी समितियों और निजी केंद्रों पर पोस्टर और फ्लेक्सी भी चस्पा किए गए हैं।

खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिले हेतु कुल 46,050 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से वर्तमान में 25,775 मीट्रिक टन का स्टॉक उपलब्ध है। वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने हेतु भूमि आधारित नवीन सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत भविष्य में केवल फार्मर आईडी के माध्यम से ही खाद का वितरण किया जाएगा।

# कमिश्नर ने मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने जगदलपुर विकासखंड अंतर्गत पंडरीपानी और तोकापाल विकासखंड के तेलीमारेंगा एवं पलवा में मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत सर्वे सहित स्वास्थ्य जांच एवं उपचार का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का लाभ हर परिवार और प्रत्येक व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान सभी लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ ही स्वास्थ्य सुधार का माध्यम बने। इस पुनीत सेवा भावना के अनुरूप लोगों तक पहुंचकर उन्हें लाभान्वित करें।

- हर परिवार तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने पर जोर



कमिश्नर ने इस मौके पर मितानिन दवा पेटी का भी अवलोकन कर दवा पेटी में उपलब्ध दवाइयों के बारे में जानकारी ली और मौजूद मितानिन का उत्साहवर्धन किया।

कमिश्नर ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि सर्वे दल के गांव में पहुंचने से कम से कम दो दिन पहले कोटवार के जरिये मुनादी कराई जाए, ताकि ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच शिविर की पूरी जानकारी मिल सके। इसके साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार के जरिए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाए। उन्होंने सर्वे दल के गांव में पहुंचने पर ग्राम पंचायत को खुले रखने सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और पंचायत प्रतिनिधियों का सर्वे दल को सहयोग सुनिश्चित किए जाने कहा।

कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य बस्तर के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य जाँच एवं उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय और सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति की समीक्षा करते हुए सर्वे दलों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए विकासखण्ड तथा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए। इस दौरान संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ महेश शांडिल्य, सीएमएचओ डॉ संजय बसाक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

